प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 30.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में पहलगाम आतंकी हमला मामले में शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की।
- प्रदेशभर में अक्षय तृतीया पर आज विभिन्न धार्मिक आयोजन–संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर।
- राज्य में रह रहे 841 पाकिस्तानी अल्पसंख्यक नागरिकों ने दीर्घकालीन वीजा के लिए आवेदन किया है।
- प्रदेश में तेज गर्मी और हीट वेव का असर आज भी–जैसलमेर में पारा 46 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस पर पंहुचा।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास पर शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मामले पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी प्रधानमंत्री से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।

....................

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति गवई को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 14 मई से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति गवई देश के बावनवें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल अगले महीने की 13 तारीख को समाप्त हो रहा है।

....................

आज प्रदेशभर में अक्षय तृतीया का पर्व पारम्परिक श्रृद्धा के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए उत्तम तिथि मानी जाती है और ब्योरा समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी माधुर वशिष्ठ से –

....................

इसके साथ ही प्रदेशभर में आखातीज पर संभावित बाल विवाह की आशंका के मद्देनजर सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बारां, हनुमानगढ़ और भीलवाडा में जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को फील्ड में रहकर बाल विवाहों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए है। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में जहां एक ओर विभिन्न मंदिरों में भगवान का विशेष श्रंगार किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से बाल विवाह की आशंका को देखते हुए धार्मिक स्थलों, मैरिज हॉल और अन्य संभावित स्थानों पर नजर रखी जा रही है।

....................

इस बीच अक्षय तृतीया के अवसर पर आज से उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद खोल दिये जायेंगे। केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को और बद्रीनाथ धाम के रविवार को खुलेंगे।

....................

प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम के लिए बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान शुरू किया गया है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस अभियान की शुरूआत की। अभियान का उद्देश्य एक ऐसा प्रदेश बनाना है, जहां हर बच्चा खुलकर सपने देख सके और उन्हें पूरा कर सके। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने और हर बच्चे को सुरक्षित तथा समृद्ध भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अभियान का प्रतीक चिन्ह और जिंगल भी लॉंच किया।

.....

....................

प्रदेश में रह रहे 841 पाकिस्तानी अल्पसंख्यक नागरिकों ने दीर्घकालीन वीजा के लिए आवेदन किया है। पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। गृह मंत्रालय ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत छोड़ने के संबंध में नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस आदेश के अनुसार, वैध दीर्घकालीन वीजा रखने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को अब देश छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। संशोधित नियम के मुताबिक भारतीय नागरिकों से विवाहित और दीर्घकालीन वीजा पर रह रही मुस्लिम महिलाओं को भी अब पाकिस्तान लौटने की आवश्यकता नहीं है।

....................

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों को संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार विभिन्न प्रयास कर रही है। इससे इस क्षेत्र में पर्यटन के साथ–साथ रोजगार के अवसर बढने की संभावना है। उन्होंने कल सीकर जिले के रामगढ़ स्थित मोहर हवेली का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक हवेलियों को चिन्हित कर उनके संरक्षण और मरम्मत का कार्य करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़, फतेहपुर, मंडावा और नवलगढ सहित शेखावाटी क्षेत्र को पर्यटन सर्किट के तौर पर विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही सीकर के रामगढ शेखावाटी को हेरिटेज सिटी बनाया जायेगा।

....................

रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र से मिली खुशखबरी के बाद अब अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व से भी अच्छी खबर मिली है। वहां एसटी–30 बाघिन ने तीन शावको को जन्म दिया है। ये शावक लगभग दो माह के हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि अलवर सरिस्का में अब कुल बाघों की संख्या 45 हो गई है।

....................

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। वहीं जोधपुर संभाग में हीटवेव दर्ज की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल सबसे अधिक 46 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस तापमान जैसलमेर में दर्ज हुआ। बाडमेर और फलौदी में पारा 45 डिग्री के पार दर्ज हुआ। ज्यादातर स्थानों पर तापमान 42 से 44 डिग्री सैल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में आज भी हीट वेव का दौर जारी रहने की संभावना जताई है वहीं कल एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ हिस्सों में आंधी बारिश की गतिविधियां शुरू होने के आसार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इससे तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

....................